रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 64] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 5, 2014/फाल्गुन 14, 1935
No. 64] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 5, 2014/PHALGUNA 14, 1935

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)
(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 मार्च, 2014

अंतिम जांच परिणाम

विषय : ताइवान, तुर्की और अमरीका के मूल के या वहां से निर्यातित "पैरोक्सोसल्फेट्स" (जिसे "परसल्फेट्स" के नाम से भी जाना जाता है) के आयातों के बारे में पाटनरोधी जांच–प्रकटन विवरण ।

सं. 14/9/2012–डीजीएडी.—समय–समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम कहा गया है) और समय–समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं का अभिज्ञान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का निर्धारण एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे पाटनरोधी नियमावली कहा गया है), को ध्यान में रखते हुए;

क. <u>प्रक्रिया</u>

1. निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई गई है:

(i) निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे प्राधिकारी कहा गया है) को उपर्युक्त नियमावली के अंतर्गत घरेलू उद्योग की ओर से मै0 गुजरात परसॉल्ट्स प्रा0 लि0, अहमदाबाद, मै0 कैलीवर कैमिकल्स प्रा0 लि0, मुंबई, मै0 बी आर परसल्फेट्स, अहमदाबाद एवं मै0 योयो कैमिकल्स, अहमदाबाद (जिन्हें आगे आवेदक कहा गया है) से एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें ताइवान, तुर्की और अमरीका (जिन्हें आगे संबद्ध देश कहा गया है) के मूल के या वहां से निर्यातित परसल्फेट्स के पाटन का आरोप लगाया गया था ।

(ii) आवेदन की प्रारंभिक जांच से कुछ कमियों का पता चला जिन्हें आवेदक ने बाद में सुधार लिया था । अतः आवेदन को समुचित रूप से प्रलेखित माना गया था ।

(iii) पाटनरोधी नियमावली के उप नियम 5(5) के अनुसार, जांच शुरू करने से पूर्व प्राधिकारी ने पाटन संबंधी आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत स्थित संबद्ध देशों के दूतावासों को सूचित किया !

(iv) प्राधिकारी ने जांच की शुरूआत को न्यायोचित ठहराने के लिए आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों के खिलाफ जांच शुरू करने का निर्णय लिया।

(v) संबद्ध वस्तु के आयातों के बारे में पाटनरोधी जांच शुरू करते हुए प्राधिकारी ने 28 सितंबर, 2012 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया ।

(vi) पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की प्रति समस्त ज्ञात निर्यातकों (जिनके ब्यौरे आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) और उद्योग एसोसिएशनों को भेजी तथा उन्हें लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अवसर प्रदान किया ।

(vii) प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु के समस्त ज्ञात आयातकों को भी सार्वजनिक सूचना की प्रति भेजी और उन्हें पत्र की तारीख से चालीस दिनों के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने की सलाह दी ।

(viii) पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार आवेदन के अगोपनीय रूपांतरण की प्रति ज्ञात निर्यातकों और भारत स्थित संबद्ध देशों के दूतावास को उपलब्ध कराई । अनुरोध किए जाने पर आवेदन की प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई थी ।

(ix) पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत सूचना मांगने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजीं:

डेगुसा इनिसीएटर्स जीएमबीच एंड कं. केजी डा. गुस्तव–एडोल्फ स्ट्रीट 3, पुलाच, 82049 डीई फोन : 0049-89-74422233 फैक्स : 0049-89-744226112 ई–मेल : yanrong.liang@degussa.com वैबसाइट : www.degussa-initiatiors.com	मैन्युफैक्चरिंग लोकेशन इंडस्ट्रियल कैमिकल्स ग्रुप, 78, सायर एवेन्यू, पो.बा. 845 तोनावांडा, न्यूयार्क 14150 संयुक्त राज्य फोन: +1 716-879-0400
ई.आई. डूपोंट नेमूर्स 1007 मार्केट स्ट्रीट क्लिमिंग्टन, डेलावेयर 19898 फोन: +302- 774-1000	एफएमसी कार्पोरेशन 1735 मार्केट स्ट्रीट फिलाडेल्फिया, पीए 19103, अमरीका फोन: +215-299-6000 फैक्स : +215-299-5998
ताईवान वांडिंग कैमिकल कंपनी लि0 जियानगुओ नॉर्थ रोड, ताइवान 00222 फोन**:** 886-02-25688991	ए के–किम किम्या सनाई वी टिकारेट ए एस विस्नेजाडे माह सुलेमान सेबा, कैड नं0 82, मका बेसीकट्स इस्तानबूल फोन: 0090 212 258 31 22 / 0090 212 259 74 02 फैक्स: 0090 212 259 12 92
सूर्या किम्या सनाई टिकारेट लि0 एसटीआई (सूर्या कैमिकल्स प्रोडक्ट्स) फरहतपासा माह. जी-3 एस के नं. 100/ करताल– समंदिरा/इस्तानबुल फोन: +90 216 572 27 87 फैक्स : +90 216 572 79 28	

तथापि, संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के किसी भी उत्पादक और निर्यातक से प्रश्नावली का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।

(x) पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मांगते हुए भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को भी प्रश्नावली भेजी गई थी:

गुजरात थीमिस बायोसिन लि0 कैमिकल प्लास्टिक डिवीजन रोन पोलेंक हाउस, सुदाम कालू अहीर मार्ग, बंबई—400025	निकोलस पिरामल इंडिया लि0 तीसरा तल, अरविंद चैम्बर्स, साईं सर्विस कम्पाउंड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, अंधेरी, पू0, बम्बई:400069
पदमा एजेंसीज बल्क ड्रग डिविजन, 5—9—30 रोड नं0 4 बशीर बाग, हैदराबाद— 500 063	अरविंदो फार्मा लि0 रोन पोलेंक हाउस, सुदाम कालू अहीर मार्ग, वर्ली, बंबई (महाराष्ट्र)
आल्टेक सरफिन कैमिकल्स लि0, तीसरा तल, अरविंद चैम्बर्स, साईं सर्विस कम्पाउंड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, अंधेरी, पू0, बम्बई:400069	नोवालटिस इंडिया लि0 रोन पोलेंक हाउस, सुदाम कालू अहीर मार्ग, वर्ली, बंबई (महाराष्ट्र)
जीडैक्स इंडस्ट्रीज 25—ए, गांधी कम्पाउंड, गोरवा, बड़ौदा— 390016	वीनस इंसुलेटर्स प्रा0लि0 गाट नं0 757,खे—शिवपुर, तालहवेली, जिला पुणे— 412205

तथापि, मै0 विसेन इंडस्ट्रीज लि0 को छोड़कर भारत में संबद्ध वस्तु के किसी आयातक से प्रश्नावली का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।

(xi) निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं :

- मै0 कैम इंटलैल
- मै0 विसेन इंडस्ट्रीज लि0
- तुर्की गणराज्य, अर्थव्यवस्था मंत्रालय, निर्यात महानिदेशालय,

(xii) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतरण सार्वजनिक फाइल के रूप में उपलब्ध कराया जिसे हितबद्ध पक्षकारों के निरीक्षण हेतु खुला रखा । जांच की कार्रवाई के दौरान उपर्युक्त हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग ने जांच से संगत सूचना प्रस्तुत की और समस्त हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों को वर्तमान प्रकटन विवरण में ध्यान में रखा गया है ।

(xiii) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदत्त सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी । संतुष्ट होने के उपरांत प्राधिकारी ने जहां अपेक्षित हुआ है, वहां गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना गोपनीय मानी गई है जिसका प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं किया गया है। जहां संभव हुआ है, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदाता पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतरण उपलब्ध कराएं।

(xiv) आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों से आवश्यक समझी गई सीमा तक अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी। जांच अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के लिए संबद्ध वस्तु के आयातों के ब्यौरों की व्यवस्था करने के लिए वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एंड एस) से अनुरोध किया गया था ।

(xv) सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार, घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत और उसे बनाने तथा बेचने की लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत की गणना पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध—III के अनुसार

की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

(xvi) यह जांच 01 अप्रैल, 2011 से 31मार्च, 2012 तक की अवधि (जांच अवधि) के लिए की गई थी। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में वर्ष 2008-09, 2009-10, 2010-11 की अवधि और जांच अवधि शामिल है ।

(xvii) पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने 22 जुलाई, 2013 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया । सार्वजनिक सुनवाई में जिन पक्षकारों ने मौखिक रूप से अपने विचार व्यक्त किए थे उनसे मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने का आग्रह किया गया था । हितबद्ध पक्षकारों को विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों का उत्तर देने के लिए एक अवसर भी प्रदान किया गया था। हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त लिखित अनुरोधों/उत्तरों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों पर जहां संगत पाया गया है, इस प्रकटन विवरण में विचार किया गया है ।

(xviii) सार्वजनिक सुनवाई के बाद निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों ने प्राधिकारी को अपनी टिप्पणियां अर्थात लिखित अनुरोध और/उत्तर प्रस्तुत किए ।

(i) मै0 कैम इंटलैल

(ii) मै0 विसेन इंडस्ट्रीज लि0

(iii) तुर्की गणराज्य, अर्थव्यवस्था मंत्रालय, निर्यात महानिदेशालय

(iv) घरेलू उद्योग

(xix) अमरीकी डालर को रुपए में परिवर्तन हेतु विनिमय दर सीमाशुल्क आंकड़ों के अनुसार जांच अवधि के लिए 48.14 रुपए मानी गई है ।

(xx) वर्तमान जांच के दौरान जहां किसी हितबद्ध पक्षकार ने आवश्यक सूचना जुटाने से मना किया है अथवा उसे अन्यथा उपलब्ध नहीं कराया है अथवा जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने ''उपलब्ध तथ्यों'' के आधार पर प्रकटन विवरण दर्ज किया है।

(xxi) उपर्युक्त नियमावली के नियम 16 के अनुसार ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को इन जांच परिणामों के लिए विचारित आवश्यक तथ्यों/आधार का खुलासा प्रकटन विवरण के जरिए किया गया था और उन पर प्राप्त टिप्पणियों पर अंतिम जांच परिणाम में संगत सीमा के अधीन विचार किया गया है । घरेलू उद्योग और मै0 कैम इंटैल तथा मै0 विसेन इंडस्ट्रीज द्वारा प्रकटन विवरण पर टिप्पणियां प्रस्तुत की गई हैं । तुर्की के दूतावास ने अपने ई–मेल में यह बताया है कि उन्हें इस मामले में आगे कोई टिप्पणी नहीं करनी है ।

(xxii) *** यह चिन्ह किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का द्योतक है और प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमानुसार उसे गोपनीय ही माना है ।

(xxiii) केन्द्र सरकार ने जांच पूरी करने और अंतिम जांच परिणाम अधिसूचित करने के लिए समयावधि 27.03.2014 तक बढ़ा दी है

ख. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

ख.1 घरेलू उद्योग के अनुरोध

2. घरेलू उद्योग के विचार निम्नानुसार हैं :

(क) विचाराधीन उत्पाद ''पेरोक्सो सल्फेट्स'' है जिसे आम तौर पर ''परसल्फेट्स'' के नाम से जाना जाता है । परसल्फेट्स घनिष्ठ रूप से संबंधित यौगिकों का एक समूह होते हैं । इनका उत्पादन अल्कली धातु लवणों के रूप में किया जाता है जिनमें अमोनियम परसल्फेट्स (एपीएस), पोटेशियम परसल्फेट्स, (पीपीएस) और सोडियम परसल्फेट्स (एस पी एस) शामिल हैं ।

(ख) इन परसल्फेटों का रासायनिक सूत्र क्रमशः $(NH_4)_2S_2O_8$, $K_2S_2O_8$, $Na_2S_2O_8$ है । वस्त्र तथा रासायन उद्योगों में एक इनीसिएटर तथा आक्सीडाइजिंग एजेंट के रूप में परसल्फेटों के तीनों प्रकारों के समान अंतिम उपयोग होते हैं और एक का प्रयोग दूसरे के स्थान पर किया जा सकता है । तीनों ही लवण एक हैं और समान उत्पाद हैं ।

(ग) वर्तमान मामला निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा तीसरी जांच है और निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पहले ही यह मान लिया है कि परसल्फेटों के तीनों प्रकार एक ही वस्तु हैं ।

(घ) यूरोपीय आयोग ने इसी उत्पाद के संबंध में जांच की है और विचाराधीन उत्पाद के दायरे में पोटेशियम मोनोपरसल्फेट (केएमपीएस) भी शामिल था । परसल्फेट के सभी प्रकारों को एक ही उत्पाद माना गया था। अमरीका ने विचाराधीन उत्पाद से संबंधित जांच की है और बाद में उसने दो निर्णायक समीक्षा जांचें की हैं । अमरीकी आईटीसी ने यह माना है कि परसल्फेट के तीनों प्रकार एक ही वस्तु हैं ।

(ड.) दो उत्पादों की लागत और कीमत में अंतर होने से वे अलग वस्तु नहीं बन जाते हैं । इसका तात्पर्य केवल यह है कि पाटन मार्जिन का निर्धारण करते समय तीनों उत्पादों के लिए अलग से तुलना की जानी चाहिए।

ख.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

3. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार निम्नानुसार हैं :–

क. परसल्फेटों के तीनों प्रकार (अमोनियम परसल्फेट्स, पोटेशियम परसल्फेट्स, और सोडियम परसल्फेट्स) समान उत्पाद नहीं हैं और इस प्रकार इन्हें एक ही उत्पाद नहीं माना जाना चाहिए ।

ख. परसल्फेट के अलग–अलग प्रकार की रासायनिक संरचना समान नहीं है । अमोनियम परसल्फेट्स [(NH4)2S2O8], पोटेशियम परसल्फेट्स [K2S2O8], और सोडियम परसल्फेट्स [Na2S2O8] की स्पष्ट रूप से अलग रासायनिक संरचना है । इस प्रकार परसल्फेट के प्रकारों के बीच रासायनिक संरचना में अंतर है ।

ग. परसल्फेट के विभिन्न प्रकारों के बीच लागत और कीमत में कोई खास अंतर नहीं है । जांच अवधि के दौरान अमोनियम परसल्फेट की औसत कीमत 70–75 रूपए प्रति किग्रा0, पोटेशियम परसल्फेट की कीमत 100–110 रुपए प्रति किग्रा0 और सोडियम परसल्फेट की औसत कीमत 100–110 रुपए प्रति किग्रा0 के बीच रही थी ।

घ. अमोनियम परसल्फेट अन्य दो प्रकारों के साथ वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं है क्योंकि अमोनियम परसल्फेट की तुलना में पोटेशियम परसल्फेट तथा सोडियम परसल्फेट की कीमत 40–50 प्रतिशत अधिक होती है ।

ड. प्रकटन विवरण के बाद आयातकों ने उनके द्वारा पूर्व में किए गए अनुरोधों के बारे में अपने विचारों को दोहराया है कि उत्पादों के विभिन्न प्रकारों को एक ही उत्पाद नहीं माना जाना चाहिए ।

ख.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

4. इस जांच में विचाराधीन उत्पाद पेरोक्सोसल्फेट्स है (जिसे परसल्फेट्स भी कहा जाता है) । वर्तमान जांच में परसल्फेट्स के तीनों प्रकार शामिल किए गए हैं, जो हैं*:*

I) अमोनियम सल्फेट (एपीएस), (एन एच 4), (2एस2 ओ 8)

II) पोटेशियम पर सल्फेट (पी पी एस), (के2एस2 ओ 8); और

III) सोडियम पर सल्फेट (एस पी एस), (एन ए 2एस2 ओ 8).

5. ये परसल्फेट्स घनिष्ठ रूप से संबंधित यौगिकों का एक समूह होते हैं जिनका उत्पादन अल्कली धातु लवणों के रूप में किया जाता है । ये अत्यधिक संवेदनशील तथा कारगर ऑक्सीडाइजिंग एजेंट होते हैं और ये क्रियाशील ऑक्सीजन का उत्सृजन अत्यंत कुशलतापूर्वक एवं आसानी से करते हैं। सभी तीनों सल्फेटों का विनिर्माण इलेक्ट्रोमेकेनिक ढंग से किया जाता है और इनके वस्त्र एवं रसायन उद्योगों में इनीसिएटर तथा ऑक्सीडाइजिंग एजेंट के रूप में समान या प्रतिस्थापनीय अंतिम प्रयोग होते हैं। समस्त परसल्फेट्स सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के

अध्याय–28 के उपशीर्ष 283340 और भारतीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित वस्तु वर्णन एवं कोडिंग प्रणाली पर आधारित) के अंतर्गत उपशीर्ष 28334000 के अंतर्गत वर्गीकृत हैं। तथापि, उपर्युक्त वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और इस जांच के दायरे पर किसी भी रूप में बाध्यकारी नहीं है।

6. यद्यपि, जांच में शामिल परसल्फेटों के तीनों प्रकारों की रासायनिक संरचना अलग–अलग है, तथापि, आवेदकों ने यह तर्क दिया है कि परसल्फेटों के सभी तीनों प्रकारों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि परसल्फेटों की विनिर्माण प्रक्रिया और अंतिम उपयोग समान हैं ।

7. जहां तक हितबद्ध पक्षकार के इस तर्क का संबंध है कि परसल्फेटों के तीनों प्रकारों को एक ही उत्पाद नहीं माना जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पोटेशियम परसल्फेट, सोडियम परसल्फेट और अमोनियम परसल्फेट मात्र परसल्फेट के अलग–अलग प्रकार हैं । निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भारत में और विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा वैश्विक क्षेत्राधिकार में अपनी पाटनरोधी जांचों में विगत में विचाराधीन उत्पाद के अलग–अलग प्रकारों को एक ही उत्पाद माना गया है । इस संबंध में यह नोट किया जाता है कि अमरीका और ई यू ने भी संबद्ध वस्तु के बारे में पाटनरोधी जांचें की हैं जिनमें भौतिक एवं रासायनिक गुणधर्मों, प्रतिस्थापनीयता आदि की जांच करने के बाद परसल्फेटों के सभी प्रकारों को एक ही उत्पाद माना गया था । आगे यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने चीन जन.गण. के मूल की या वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के बारे में अलग से पाटनरोधी जांच की है, जिसकी निर्णायक समीक्षा जांच हाल ही में संपन्न हुई है और परसल्फेटों के सभी प्रकारों को एक ही उत्पाद माना गया है । जहां तक अलग–अलग उत्पाद प्रकारों के लिए अलग–अलग कीमत स्तरों का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि उत्पाद के प्रकारों के बीच कीमत अंतर से यह निष्कर्ष न्यायोचित नहीं बनता है कि एक प्रकार के उत्पाद को अलग उत्पाद के रूप में माना जाना चाहिए ।

ख. 4 समान वस्तु :

8. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) में समान वस्तु को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है :

"ऐसी वस्तु जो भारत में पाटित किये जाने के लिए जांचाधीन वस्तु से हर तरीके से समनुरूप अथवा समान है अथवा ऐसी वस्तु के अभाव में ऐसी दूसरी वस्तु जो यद्यपि हर प्रकार से समान नहीं है तथापि, उसमें जांचाधीन वस्तुओं से अत्यधिक मिलती–जुलती विशेषताएं हैं"।

9. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु भारत में आयात किए जा रहे विचाराधीन उत्पाद के समनुरूप है । घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि आवेदक के उत्पाद और संबद्ध देशों से निर्यातित विचाराधीन उत्पाद में कोई ज्ञात अंतर नहीं है और दोनों भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, कार्य एवं उपयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तु के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संबंध में तुलनीय है । आवेदक द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध वस्तु में कोई खास अंतर नहीं है और दोनों तकनीकी तथा वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं ।

10. प्राधिकारी ने मामले की जांच की है और यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध वस्तु में कोई ज्ञात अंतर नहीं है । घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तु भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, कार्य एवं उपयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तु के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संबंध में तुलनीय है । दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं । उपभोक्ताओं ने दोनों का अदल–बदल कर प्रयोग किया है । इस बात को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता कंपनी द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु को पाटनरोधी नियमों के अनुसार संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के घरेलू समान उत्पाद के रूप में माना जा रहा है ।

घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार

11. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नानुसार परिभाषित है :

(ख)"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परंतु जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं तो ऐसे मामले में ऐसे उत्पादकों को घरेलू उद्योग का भाग नहीं माना जाएगा । "

12. यह आवेदन भारत में संबद्ध वस्तु के घरेलू उद्योग के रूप में मै0 गुजरात परसॉल्ट्स प्रा0 लि0, अहमदाबाद, मै0 कैलीबर कैमिकल्स प्रा0 लि0, मुंबई, मै0 वीआर परसल्फेट्स, अहमदाबाद और मै0 योयो कैमिकल्स अहमदाबाद (जिन्हें आवेदक कहा गया है) द्वारा दायर किया गया था । आवेदक भारत में संबद्ध वस्तु के एकमात्र ज्ञात उत्पादक हैं । सभी चारों कंपनियां वर्तमान जांच में भाग ले रही हैं और इसलिए आवेदकों का उत्पादन भारत में समान वस्तु के घरेलू उत्पादन का 100 प्रतिशत बनता है । घरेलू उद्योग के आधार और आवेदक की हैसियत के बारे में किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने कोई आपत्ति नहीं उठाई है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए और विधिवत जांच करने के बाद यह माना जाता है कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के क्रमशः नियम 2(ख) और नियम 5(3) के अनुसार आधार तथा घरेलू उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं ।

घ. विविध अनुरोध

घ. 1 घरेलू उद्योग के अनुरोध

i. याचिकाकर्ताओं ने याचिका का अगोपनीय रूपांतरण दायर किया और गोपनीयता का दावा करने के लिए कारण दिए । निर्दिष्ट प्राधिकारी ने इसे स्वीकार किया है और इसलिए गोपनीयता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ था और याचिका के बारे में त्रुटिपूर्ण होने का दावा नहीं किया जा सकता ।

ii. याचिकाकर्ताओं ने अगोपनीय रूपांतरण में दोनों प्रकार के उत्पादन (आबद्ध खपत सहित और रहित) की सूचना दी है और प्राधिकारी ने आबद्ध खपत को छोड़कर उत्पादन स्वीकार किया है । हितबद्ध पक्षकारों ने आंकड़ों को चुनिंदा ढंग से पढ़ा है ।

iii. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने निदेशालय द्वारा यथा सत्यापित सूचना स्वीकार की है और एक कंपनी के संबंध में याचिकाकर्ताओं द्वारा सूचित क्षमता से अधिक क्षमता पर विचार किया है । प्राधिकारी ने लागत आवंटन तथा व्यय के अनुपात हेतु खुद की स्थापित कार्यप्रणाली को अपनाया है जिसकी वजह से लाभ, निवेश पर आय और नकद प्रवाह में अंतर के बारे में मापदंडों से संबंधित प्रवृत्ति में छिट—पुट अपरिणामी परिवर्तन हुए थे ।

iv. जर्मनी से आयात न्यूनतम सीमा से कम है और उसकी कीमतें भी अधिक हैं । अतः जर्मनी को संबद्ध देश के रूप में शामिल करने का कोई प्रश्न नहीं था ।

घ. 2 हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

i. जांच की शुरूआत को न्यायोचित ठहराने के लिए आवेदन में क्षति संबंधी पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं ।

ii. प्रदत्त अगोपनीय सूचना पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है और उसमें उचित अनुरोधों के साथ अपर्याप्त सूचना नहीं है ।

iii. याचिका में कुछ सूचना से दूसरी जांच, जो हाल ही में संपन्न हुई थी, की तुलना में असंगतता प्रतीत होती है ।

iv. जर्मनी, जिसकी आयात कीमत अमरीका और तुर्की से कम थी, को वर्तमान जांच से बाहर कर दिया गया है । तुर्की तथा अमरीका से एपीएस और अमरीका से पीपीएस की आयात कीमत जर्मनी से इन उत्पादों की कीमत से अधिक थी । इस प्रकार, जर्मनी को बाहर रखना गलत और भेदभावपूर्ण है ।

v. तुर्की शिकायतकर्ताओं को अपूर्णीय क्षति पहुंचाने की स्थिति से काफी दूर है । अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केन्द्र (ट्रेड मैप) के वर्ष 2012 के आंकडों के अनुसार, तुर्की का मात्रा के संबंध में भारत के संबद्ध वस्तु के आयातों में 1.4 प्रतिशत हिस्सा बनता है । यदि वर्ष 2008—2012 के बीच औसत आयात स्तरों (लगभग 1.049 टन) को भी हिसाब में लिया जाए तो तुर्की का हिस्सा भारत के कुल संबद्ध वस्तु के आयातों का 14 प्रतिशत ही बनता है ।

घ. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

13. प्राधिकारी ने विविध अनुरोधों की निम्नानुसार जांच की है :

i. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि आवेदन में जांच की शुरूआत को न्यायोचित ठहराने के लिए क्षति से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिका में क्षति पहुंचाने वाले पाटन का प्रथमदृष्टया साक्ष्य था जिससे जांच शुरू करने की जरूरत न्यायोचित बन गई थी ।

ii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका त्रुटिपूर्ण है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एक विधिवत प्रलेखित याचिका प्राप्त होने के बाद और किए गए दावों के बारे में प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने के उपरांत ही प्राधिकारी ने जांच शुरू की थी । इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि जांच की प्रक्रिया के दौरान प्राधिकारी को प्रस्तुत साक्ष्यों और सूचना का सत्यापन जांच की प्रक्रिया के दौरान किया जाता है और उसके बाद ही प्राधिकारी द्वारा प्रकटन विवरण जारी करते समय उस पर विचार किया जाता है ।

iii. जहां तक अलग–अलग जांचों में याचिकाकर्ता द्वारा किए गए दावों में असंगतता से जुड़े तर्क का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी द्वारा याचिकाकर्ता द्वारा किए गए मात्र दावों को उसी रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है । प्राधिकारी द्वारा जांच की प्रक्रिया के दौरान याचिकर्ता सहित विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए दावों की विधिवत जांच की जाती है और सूचना की विस्तृत जांच तथा सत्यापन करने के बाद ही उसे रिकॉर्ड में लिया जाता है ।

iv. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि जर्मनी को संबंध जांच में शामिल किया जाना चाहिए था, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद को अलग–अलग प्रकारों में विभाजित किए बिना उसके समग्र रूप में हुए आयातों का विश्लेषण करते हैं । डीजीसीआईएस के सौदेवार आंकड़ों से आयात मात्रा की जांच करने के बाद यह नोट किया जाता है कि जांच अवधि के दौरान ई यू से संबद्ध वस्तु (संबद्ध वस्तु के सभी तीन ग्रेड) के आयात संबद्ध वस्तु के आयातों के 6.79 प्रतिशत बनते हैं । तथापि, यह भी नोट किया जाता है कि उनकी आयात कीमतें काफी अधिक हैं और इसलिए उनसे घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है । जहां तक इस तर्क का संबंध है, कि कुल आयातों में हिस्से के रूप में तुर्की का हिस्सा नगण्य है, यह उल्लेख किया जाता है कि डीजीसीआईएंडएस के आंकडों के अनुसार मात्रा के रूप में तुर्की का हिस्सा नगण्य से काफी अधिक है ।

ड. पाटन मार्जिन

ड.1 सामान्य मूल्य का निर्धारण

ड.1.1 घरेलू उद्योग के अनुरोध

14. घरेलू उद्योग के अनुरोध निम्नानुसार हैं :

i. याचिकाकर्ताओं ने कम तथा अधिक मात्राओं पर विचार करते हुए अमरीका में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों में से एक उत्पादक के कीमत प्रस्ताव/भाव दर के आधार पर अमरीका में सामान्य मूल्य का दावा किया है ।

ii. याचिकाकर्ताओं ने उस कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का आगे दावा किया है जिस कीमत पर एक घरेलू उत्पादक ने विकल्प के रूप में अमरीका में खपत हेतु अमरीका को उत्पाद का निर्यात किया है ।

iii. याचिकाकर्ता ताइवान और तुर्की में सामान्य मूल्य की गणना के बारे में कोई सूचना प्रदान नहीं कर सके । अतः याचिकाकर्ताओं ने केवल अमोनियम परसल्फेट के लिए भारत में परिकलित लागत के आधार पर इन दोनों देशों के लिए सामान्य मूल्य का दावा किया है क्योंकि इस ग्रेड के उत्पाद का ही आयात इन दोनों देशों से किया जा रहा है ।

iv. प्रकटन विवरण के बाद घरेलू उद्योग ने यह उल्लेख किया है कि तुर्की के मामले में निर्धारित परिकलित सामान्य मूल्य सही नहीं है और संबद्ध देशों से तुर्की के बारे में पाटनरोधी जांच का समापन गलत है । यह भी उल्लेख किया गया है कि अमरीका के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण सही नहीं है और सामान्य मूल्य का निर्धारण अमरीका में खपत कीमत के आधार पर किया जाना चाहिए था ।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि प्राधिकारी ने अमरीका में एकमात्र उत्पादक द्वारा की गई कीमत पेशकश और अमरीका में एक याचिकाकर्ता द्वारा किए गए निर्यातों को अस्वीकार करने में त्रुटि की है क्योंकि अमरीका में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों की संख्या अधिक नहीं है । इसके अलावा, यह अनुरोध किया गया है कि प्राधिकारी उसके पास उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना का उपयोग करने में विफल रहे हैं ।

v. प्रकटन विवरण के बाद यह भी तर्क दिया गया है कि परिकलित सामान्य मूल्य को क्षतिरहित कीमत के अनुसार उत्पादन लागत पर आधारित नहीं किया जा सकता।

आयातकों के अनुरोध

15. यह अनुरोध किया गया है कि घरेलू उद्योग ने अमरीका के लिए उसकी निर्यात कीमत और अमरीका में उत्पादकों में से एक उत्पादक द्वारा कीमत पेशकश के आधार पर अमरीका के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित किया है । इस संबंध में अनुरोध किया जाता है कि अमरीका के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु दोनों तरीके सही नहीं हैं ।

ड.1.2 प्राधिकारी द्वारा जांच

16. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों के किसी भी निर्यातक ने जांच में सहयोग नहीं किया है ताकि उनके देशों में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण किया जा सके । यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन में अमरीका में उसकी निर्यात कीमत और अमरीका में उत्पादकों में से एक उत्पादक द्वारा प्रस्ताव कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का दावा किया है । इस जांच में अमरीका में उत्पादकों द्वारा संबद्ध वस्तु की कुछ प्रस्ताव कीमतों के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण को आधारित करना उचित नही माना गया था क्योंकि इनमें इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए जांच अवधि के दौरान अमरीका में घरेलू बिक्री कीमतों का प्रदर्शन नहीं होगा कि अमरीका में संबद्ध वस्तु के बड़ी संख्या में बिक्री सौदे नहीं होते हैं और यह भी सच है कि अमरीका में संबद्ध वस्तु के ऐसे अन्य उत्पादक भी हैं जिनकी बिक्री कीमत ज्ञात नहीं है । इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और सावधानीपूर्वक जांच करने के बाद प्राधिकारी ने परिकलित उत्पादन लागत तथा उचित लाभ मार्जिन के आधार पर सामान्य मूल्य परिकलित किया है ।

ड.1.2.1 अमरीका में सामान्य मूल्य

17. कानून के अंतर्गत उपबंध के अनुसार, प्राधिकारी के लिए अमरीका में सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु उस स्थिति में उत्पाद की बिक्री कीमत पर विचार करना अपेक्षित होता है जब वह अमरीका के घरेलू बाजार में खपत के लिए हो । तथापि, अमरीका के किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली के उत्तर के साथ प्राधिकारी से सहयोग नहीं किया है । विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जांच करने के बाद अमरीका में सामान्य मूल्य का निर्धारण परिकलित मूल्य नीति का प्रयोग करते हुए किया गया है । प्रमुख निविष्टियों की कीमत पर प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय कीमत के आधार पर विचार किया गया है । प्रति इकाई उत्पादन हेतु कच्ची सामग्री की खपत तथा परिवर्तन लागत पर रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना/आंकड़ों के आधार पर अर्थात सर्वाधिक कुशल घरेलू उद्योग की सूचना/आंकड़ों के आधार पर विचार किया गया है । बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक लागत को रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना/आंकड़ों के आधार पर लिया गया है । लाभ को कारखाना लागत के 5 प्रतिशत की दर से लिया गया है जिसमें ब्याज शामिल नहीं है । अमरीका के मामले में इस प्रकार से लिए गए सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन की तालिका में किया गया है ।

ड.1.2.2 ताईवान में सामान्य मूल्य

18. कानून के अंतर्गत उपबंध के अनुसार, प्राधिकारी के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु उस स्थिति में उत्पाद की बिक्री कीमत पर विचार करना अपेक्षित होता है जब वह ताइवान के घरेलू बाजार में खपत के लिए हो । तथापि, ताइवान के किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली के उत्तर के साथ प्राधिकारी से सहयोग नहीं किया है । ताइवान में सामान्य मूल्य का निर्धारण परिकलित मूल्य नीति का प्रयोग करते हुए किया गया है । प्रमुख निविष्टियों की कीमत पर प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय कीमत के आधार पर विचार किया गया है । प्रति इकाई उत्पादन हेतु कच्ची सामग्री की खपत तथा परिवर्तन लागत पर रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना/आंकड़ों के आधार पर अर्थात सर्वाधिक कुशल घरेलू उद्योग की सूचना/आंकड़ों के आधार पर विचार किया गया है । बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक लागत को रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना/आंकड़ों के आधार पर लिया गया है । लाभ को कारखाना लागत के 5 प्रतिशत की दर से लिया गया है जिसमें ब्याज शामिल नहीं है । ताइवान के मामले में इस प्रकार से लिए गए सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन की तालिका में किया गया है ।

ड.1.2.3 <u>तुर्की में सामान्य मूल्य</u>

19. कानून के अंतर्गत उपबंध के अनुसार, प्राधिकारी के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु उस स्थिति में उत्पाद की बिक्री कीमत पर विचार करना अपेक्षित होता है जब वह तुर्की के घरेलू बाजार में खपत के लिए हो । तथापि, तुर्की के किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली के उत्तर के साथ प्राधिकारी से सहयोग नहीं किया है । तुर्की में सामान्य मूल्य का निर्धारण परिकलित मूल्य नीति का प्रयोग करते हुए किया गया है । प्रमुख निविष्टियों की कीमत पर प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय कीमत के आधार पर विचार किया गया है । प्रति इकाई उत्पादन हेतु कच्ची सामग्री की खपत तथा परिवर्तन लागत पर रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना/आंकड़ों के आधार पर अर्थात सर्वाधिक कुशल घरेलू उद्योग की सूचना/आंकड़ों के आधार पर विचार किया गया है । बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक लागत को रिकॉर्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना/आंकड़ों के आधार पर लिया गया है । लाभ को कारखाना लागत के 5 प्रतिशत की दर से लिया गया है जिसमें ब्याज शामिल नहीं है । तुर्की के मामले में इस प्रकार से लिए गए सामान्य मूल्य का उल्लेख पाटन मार्जिन की तालिका में किया गया है ।

घ.2 निर्यात कीमत का निर्धारण

20. सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए विचाराधीन उत्पाद के संबंध में निर्यात कीमत का निर्धारण उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है। इस प्रयोजनार्थ निर्दिष्ट प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातों के बारे में भारतीय सीमाशुल्क आंकड़ों पर विचार किया है। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समुद्री भाड़े, समुद्री बीमा, पत्तन व्यय, बैंक प्रभार, कमीशन और अंतरदेशीय भाड़े के लिए कीमत समायोजनों की अनुमति दी गई है । विचाराधीन उत्पाद के प्रत्येक उप प्रकार की भारत को हुई निर्यात बिक्री (सभी समायोजनों को छोड़कर) पर कारखाना निर्यात कीमत के रूप में विचार किया गया है ।

ड.3 पाटन मार्जिन का निर्धारण

21. यह नोट किया जाता है कि अमरीका ने जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के सभी तीनों उप प्रकारों का निर्यात किया है जबकि ताइवान और तुर्की ने इसी अवधि के दौरान केवल एपीएस का निर्यात किया है । विचाराधीन उत्पाद के लिए पाटन मार्जिन का निर्धारण प्रत्येक उप प्रकार अर्थात एपीएस, पीपीएस और एसपीएस की निर्यात कीमत के साथ सामान्य मूल्य की तुलना करने के बाद किया गया है जिनका निर्यात जांच अवधि के दौरान प्रत्येक संबद्ध देश द्वारा किया गया है । तत्पश्चात संबद्ध देशों के लिए भारित औसत पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है । आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद तालिका में किए गए उल्लेखानुसार पाटन मार्जिन निकाला गया है । चूंकि तुर्की के संबंध में निर्धारित पाटन मार्जिन नकारात्मक है, इसलिए तुर्की के संबंध में पाटनरोधी जांच समाप्त की जाती है ।

अमरीका में सभी उत्पादक तथा निर्यातक अम.डा./किग्रा.					
	एपीएस	पीपीएस	एसपीएस	भारित औसत	पाटन **मा**र्जिन रेंज
सामान्य मूल्य	***	***	***	***	
निर्यात कीमत	***	***	***	***	
पाटन **मा**र्जिन	(***)	(***)	***	***	
पाटन **मा**र्जिन %	(***)	(***)	***	***	0-10

ताइवान में सभी उत्पादक तथा निर्यातक अम.डा./किग्रा.		
	एपीएस	पाटन **मा**र्जिन रेंज
सामान्य मूल्य	***	
निर्यात कीमत	***	
पाटन **मा**र्जिन	***	
पाटन **मा**र्जिन %	***	5-15

तुर्की में सभी उत्पादक तथा निर्यातक अम.डा./किग्रा.		
	एपीएस	पाटन **मा**र्जिन रेंज
सामान्य मूल्य	***	
निर्यात कीमत	***	
पाटन **मा**र्जिन	(***)	
पाटन **मा**र्जिन %	(***)	(0-10)

22. विचाराधीन उत्पाद के लिए ऊपर निर्धारित भारित औसत पाटन मार्जिन निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

क्र. सं.	देश/क्षेत्र सभी उत्पादक व निर्यातक	पाटन **मा**र्जिन अम. डा./किग्रा.	पाटन **मा**र्जिन %	पाटन **मा**र्जिन रेंज
1	अमरीका	***	***	0-10%
2	ताइवान	***	***	5-15%
3	तुर्की	(***)	(***)	(0-10%)

च. क्षति

च.1 घरेलू उद्योग के अनुरोध

23. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि :

(क) निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए अलग–अलग उत्पाद प्रकारों के संबंध में क्षति का निर्धारण करना अपेक्षित नहीं है । क्षति को विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के लिए देखना अपेक्षित होता है ।

(ख) वर्तमान मामले में संचयी निर्धारण न्यायोचित है । मात्र अलग–अलग उत्पाद प्रकारों की मौजूदगी और एक देश से कुछ उत्पाद की आपूर्ति तथा अन्य उत्पाद प्रकार की अनापूर्ति का तात्पर्य यह नहीं है कि संचयी निर्धारण अन्यायोचित होगा । विचाराधीन उत्पाद के तीनों प्रकार एक ही वस्तु हैं ।

(ग) उत्पाद की मांग में वृद्धि प्रदर्शित हुई है और भारतीय उत्पादकों को इस बात की बेहतर जानकारी है कि निर्यात उनका फोकस बाजार नहीं है ।

(घ) उत्पादन में गिरावट निर्यात मात्रा में आई गिरावट से अधिक है । इसके अलावा, घरेलू बिक्री मात्रा में भी गिरावट आई है जब विचाराधीन उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है । मांग में वृद्धि होने के समय घरेलू बिक्री मात्रा में गिरावट आने से स्वतः ही क्षति तथा कारणात्मक संबंधी की पुष्टि हो जाती है ।

(ड.) क्षतिरहित कीमत और निवल बिक्री प्राप्ति के बीच अंतर क्षति विश्लेषण में पूर्णतः महत्वहीन होता है । क्षतिरहित कीमत का उद्देश्य केवल क्षति मार्जिन का निर्धारण करना होता है ।

(च) ''लागम में अंतर'' और ''लाभप्रदता में गिरावट'' दो अलग–अलग मापदंड हैं । यद्यपि, लागत में अंतर अन्य कारकों की वजह से हो सकता है, तथापि, लाभप्रदता में गिरावट लागत में अंतर के कारण नहीं आ सकती ।

(छ) संबद्ध देशों से आयात की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से काफी कम है । निर्यातों के कारण अत्यधिक कीमत कटौती की मौजूदगी से इस बात की स्पष्ट पुष्टि हो जाती है कि पाटित आयात घरेलू उद्योग को हुई क्षति का एक प्रमुख कारण है ।

(ज) संबद्ध देशों से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों में अत्यधिक कटौती हो रही है । घरेलू उद्योग द्वारा पहले से ही प्रस्तुत अत्यधिक कम कीमतों के बावजूद घरेलू कीमत में आयात कीमत के कारण कटौती हो रही है ।

(झ) घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में वृद्धि संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत में हुई वृद्धि के अनुपात में नहीं हुई है । ऐसा संबद्ध देशों से हुए आयातों द्वारा वस्तु की रखी गई अत्यधिक कम कीमत के कारण हुआ है । अतः यह पूर्णतः स्पष्ट है कि पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमत का न्यूनीकरण हो रहा है ।

(ट) घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में वर्ष 2010–11 तक सुधार हुआ और उसके बाद जांच अवधि में उनमें गिरावट आई। घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग और बाजार हिस्से में भी गिरावट आई ।

(ठ) लाभ, निवेश पर आय और नकद लाभ के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आ रही थी और जांच अवधि में लाभ घाटे में तब्दील हो गया ।

(ड) पाटन की सीमा के एक उपाय के रूप में पाटन मार्जिन काफी अधिक है ।

(ढ) निर्दिष्ट प्राधिकारी ने जापान और चीन के संबंध में संपन्न की गई अन्य जांच में पाटनरोधी शुल्क का नियत स्वरूप लागू किया है । इसके अलावा, वर्तमान मामले में परसल्फेटों के तीन प्रकार हैं और इसलिए वर्तमान मामले में शुल्क के नियत स्वरूप को अथवा मूल्यानुसार शुल्क को लागू किया जाना चाहिए ।

(ण) प्रकटन विवरण के पश्चात् घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि निर्धारित क्षति रहित कीमत काफी कम है । याचिकाकर्ताओं ने निर्दिष्ट प्राधिकारी से अनुरोध किया है कि जांच अवधि में कच्ची सामग्री की वास्तविक खपत पर विचार किया जाए ।

(त) घरेलू उद्योग ने आगे प्राधिकारी को पूर्व में उनके द्वारा किए गए क्षति संबंधी अनुरोधों के बारे में अपने अनुरोधों को दोहराया है। उन्होंने प्राधिकारी से यह कहते हुए अनुरोध किया है कि पाटनरोधी शुल्क अम.डा. में नियत शुल्क आधार पर लागू किया जाए कि भारतीय रुपए के अवमूल्यन का कच्ची सामग्री की लागत, उपयोगिताओं और अन्य लागतों पर प्रभाव पड़ा है ।

च.2 हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

i. सभी संबद्ध देशों से क्षति का निर्धारण संचयी रूप से नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वस्तु जर्मनी से एपीएस तथा पीपीएस के संबंध में समान स्तर पर और क्षति के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर रही है । जब तुर्की और ताइवान से पीपीएस और एसपीएस का कोई आयात नहीं हुआ है तो इसकी वजह से घरेलू उद्योग को हुई किसी क्षति का होना गलत है । ऐसी स्थिति में संचयी निर्धारण से विकृत स्थिति उत्पन्न होगी ।

ii. संबद्ध देशों से हुए आयात को एपीएस, पीपीएस और एसपीएस के लिए अलग–अलग देखे जाने की जरूरत है । तुर्की और ताइवान से पीपीएस तथा एसपीएस को कोई आयात नहीं हुआ था । इससे स्पष्टतः यह पता चलता है कि संबद्ध देशों से हुए आयातों और घरेलू उद्योग के निष्पादन के बीच कोई संबंध नहीं है ।

iii. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । वस्तुतः घरेलू उद्योग द्वारा स्थापित क्षमता का केन्द्र बिन्दु निर्यात बाजार था ।

iv. आधार वर्ष के दौरान घरेलू उद्योग का उत्पादन 3,589 मी.ट. हुआ था जो जांच अवधि में बढ़कर 3,857 मी.ट. हो गया । इसके अलावा, वर्ष 2010–11 की तुलना में जांच अवधि के दौरान उत्पादन में आई गिरावट निर्यात मात्रा में आई गिरावट के अनुरूप है ।

v. आधार वर्ष के दौरान घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा 2,066 मी.ट. थी जो जांच अवधि के दौरान बढ़कर 2,439 मी.ट. हो गई ।

vi. प्रक्रिया के कारण कुछ याचिकाकर्ताओं की उत्पादन लागत काफी अधिक है । अतः प्राधिकारी के लिए कंपनीवार लागत (परिवर्तन लागत, कच्ची सामग्री एवं उपयोगिता लागत) और क्षति संबंधी आंकड़ों की तुलना करना अपेक्षित है ।

vii. जांच अवधि के दौरान ब्याज लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई है जिसकी प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट जांच की जानी चाहिए ।

viii. उच्च ब्याज लागत, मजदूरी, प्रक्रिया के कारण उत्पादन की उच्च लागत, निर्यात मात्रा में गिरावट, जर्मनी से कम कीमत पर हुए आयात किसी आरोपित क्षति के मुख्य कारण हैं जिससे वर्तमान मामले में संबद्ध देशों से हुए पाटन और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध के अभाव की स्पष्ट पुष्टि होती है ।

ix. अतः यदि प्राधिकारी पाटनरोधी शुल्क को किसी प्रकार से लगाए जाने के लिए इस मामले पर विचार करते ही हैं तो शुल्क के नियत स्वरूप से हम अस्तित्व में बने रहने के लिए अप्रतिस्पर्धी और अव्यवहार्य बन जाएंगे तथा साथ ही साथ याचिकाकर्ता को अनुचित लाभ प्राप्त होगा ।

x. शिकायतकर्ताओं ने उत्पादन, क्षमता, बिक्री, उत्पादकता और रोजगार के संबंध में अन्य जांच में वित्तीय स्थिति के प्रतिकूल समान क्षति तथा पाटन के आरोपों का उपयोग किया है ।

xi. क्षति का विश्लेषण करते समय बीच की प्रवृति को देखा जाना चाहिए । उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है । वर्ष 2008 और 2011 में उत्पादन में 20.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । वर्ष 2010—2011 तक उत्पादन मांग से लगातार अधिक रहा है।

xii. उत्पादन और क्षमता में निरंतर वृद्धि होने के कारण मांग कम हो गई है जिससे स्वजनित क्षति हुई है।

xiii. उत्पादन में गिरावट निर्यातों में कमी के कारण आई थी । इसके अलावा, वर्ष 2009—10 और 2011—12 में हुआ घाटा निर्यातों में गिरावट के कारण हुआ था ।

xiv. बाजार हिस्से को तुर्की से हुए आयातों के कारण नहीं गंवाया गया था बल्कि ऐसा अन्य देशों से हुए आयातों में वृद्धि के कारण हुआ था ।

xv. तुर्की से हुए आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है ।

xvi. लाभप्रदता में कमी मजदूरी के कारण भी आई है ।

xvii. प्रकटन विवरण के पश्चात यह अनुरोध किया गया है कि कीमत कटौती का समर्थन पूर्ण तथ्यों के साथ नहीं किया गया है। उन्होंने आगे यह उल्लेख किया है कि तीसरे देश से हुए आयातों के पहलुओं की तथ्यपरक जांच नहीं की गई है । यह भी बताया गया है कि सामान्य मूल्य को गोपनीय मानना न्यायोचित नहीं है ।

xviii. प्रकटन विवरण के पश्चात यह अनुरोध किया गया है कि आरोपित क्षति और पाटन के बीच कोई कारणत्मक संबंध नहीं है और यह भी उल्लेख किया गया है कि शुल्क, यदि कोई हो, को भारतीय रुपए के रूप में न कि अम.डा. के रूप में होना चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग रुपए में आई भारी गिरावट के कारण पहले से ही संरक्षित है । उन्होंने प्राधिकारी से वर्तमान जांच समाप्त करने का अनुरोध किया है ।

च. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

च. 3.1 संचयी निर्धारण

24. अनुबंध—।। के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम—11 में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो । कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान

वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रुकावट आई है, जो अन्यथा प्रयाप्त स्तर तक बढ़ गई होती ।

25. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उपर्युक्त नियमावली के अनुबंध–।। के अनुसार उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति और पाटन की मात्रा और मार्जिन जैसे उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतों पर विचार किया गया है।

26. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध ।। में यह उपबंध है कि क्षति के निर्धारण में (क) पाटित आयातों की मात्रा और समान उत्पाद के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पाटित आयातों की मात्रा और समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव; तथा (ख) ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातकों के परिणामी प्रभाव, दोनों की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय उक्त प्राधिकारी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई है । जहां तक कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, प्राधिकारी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पादन की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रुकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती ।

27. इस संबंध में प्राधिकारी यह पाते हैं कि :

(क) प्रत्येक संबद्ध देश (आगे अमरीका और ताइवान भी कहा गया है) से पाटन मार्जिन ऊपर निर्धारित सीमाओं से अधिक है ।

(ख) प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा निर्धारित सीमाओं से अधिक है ।

(ग) आयातों के प्रभाव का संचयी निर्धारण उचित है क्योंकि संबद्ध देशों से हुए निर्यात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तुओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं । यह निम्नलिखित से स्पष्ट हो जाता हैः

i. संबद्ध देशों के उत्पादकों द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तु आपस में और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद की तुलना में प्रतिस्पर्धा करते हैं । दूसरे शब्दों में विभिन्न संबद्ध देशों और घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति की गई संबद्ध वस्तु आपस में समान वस्तुएं हैं ।

ii. ऐसे सामान्य पक्षकार हैं जो विभिन्न स्रोतों से आयातित सामग्री और घरेलू सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं । अतः आयातित और घरेलू सामग्री का प्रयोग एक–दूसरे के स्थान पर हो रहा है और घरेलू उत्पाद तथा आयातित उत्पाद के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा है ।

iii. बिक्री के माध्यम तुलनीय हैं ।

iv. प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा काफी अधिक है ।

v. उपभोक्ता विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के द्वारा प्रस्तावित कीमतों के आधार पर खरीद का निर्णय लेते हैं ।

28. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी आयातित उत्पाद और समान घरेलू उत्पाद के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के मद्देनजर घरेलू उद्योग पर अमरीका तथा ताइवान (जिन्हें आगे इस प्रकटन विवरण में संबद्ध देश भी कहा गया है) से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के प्रभाव का संचयी निर्धारण करना उचित समझते हैं।

29. प्राधिकारी ने नियमों के अनुसार क्षति मापदंडों का विश्लेषण किया है । हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदत्त सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी । संतुष्ट होने के उपरांत प्राधिकारी जहां अपेक्षित हुआ है, वहां गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना गोपनीय मानी गई है जिसका प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं किया गया है। जहां संभव हुआ है, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदाता पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतरण उपलब्ध कराएं।

30. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के विचारों पर विचार किया है और उनका समुचित ढंग से समाधान किया है ।

31. चूंकि संबद्ध देशों अर्थात् अमरीका और ताइवान से हुए निर्यातों के लिए सकारात्मक पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है, इसलिए इन संबद्ध देशों से हुए समूचे निर्यातों को क्षति विश्लेषण तथा कारणात्मक संबंध की जांच के प्रयोजनार्थ पाटित आयात माना गया है ।

32. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बारे में हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न अनुरोधों को नोट किया है और उन्होंने रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों और लागू कानूनों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निम्नानुसार विश्लेषण किया है । हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर संगत समझी गई सीमा तक विचार किया गया है और उनकी नीचे जांच की गई है तथा इस प्रकटन विवरण के संगत खंडों में जांच की गई है ।

33. प्राधिकारी नोट करते हैं कि निम्नलिखित क्षति विश्लेषण से घरेलू उद्योग की स्थिति तथा संबद्ध देश के मूल की या वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण हुई क्षति का पता चलता है । प्राधिकारी ने विशिष्ट और संगत अनुरोधों पर नीचे विचार कर उनका समाधान किया है:

क. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि सभी संबद्ध देशों से हुई क्षति का संचयी निर्धारण नहीं किया जाना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि संचयन की स्थितियां विद्यमान हैं, जैसा कि ऊपर नोट किया गया है। इसके अलावा, प्राधिकारी से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वह उत्पाद के प्रकारों को अलग करने के बाद उनका निर्धारण करे । चूंकि संबद्ध देशों से हुए निर्यातों के लिए सकारात्मक पाटन मार्जिन की पुष्टि की गई है, इसलिए संबद्ध देशों से हुए सभी निर्यातों को क्षति विश्लेषण तथा कारणात्मक संबंध की जांच के प्रयोजनार्थ पाटित आयात माना गया है ।

ख. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि संबद्ध देशों से हुए आयात को एपीएस, पीपीएस और एसपीएस के लिए अलग से देखे जाने की जरूरत है, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति विचाराधीन उत्पाद के आयातों के कारण हुई देखी गई है । चूंकि उत्पाद को परसल्फेट के सभी प्रकारों को शामिल करते हुए परिभाषित किया गया है, इसलिए क्षति विश्लेषण में समग्र विचाराधीन उत्पाद के लिए अनुमति दी जाएगी न कि उत्पाद प्रकारों के लिए । प्राधिकारी ने चीन से संबद्ध वस्तु के बारे में हाल ही में संपन्न निर्णायक समीक्षा जांच में समूचे उत्पाद के लिए क्षति विश्लेषण किया है।

ग. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि संबद्ध वस्तु के बारे में हाल ही में संपन्न निर्णायक समीक्षा में कुछ मापदंडों में घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार नोट किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कानून का यह एक सुस्थापित सिद्धांत है कि विश्लेषित सभी मापदंडों में क्षति प्रदर्शित नहीं हो सकती । आगे यह नोट किया जाता है कि उक्त जांच में कुछ मापदंडों में सुधार देखे जाने के बावजूद प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बारे में निष्कर्ष निकाला था ।

घ. जहां तक प्रकटन विवरण के पश्चात् हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियों का संबंध है, यह उल्लेख किया जाता है कि दोनों पक्षकारों अर्थात् घरेलू उद्योग तथा निर्यातकों ने मोटे तौर पर प्राधिकारी के समक्ष पूर्व में किए गए अनुरोधों को दोहराया है । जहां तक घरेलू उद्योग के इस अनुरोध का संबंध है कि निर्धारित क्षतिरहित कीमत काफी कम है, यह उल्लेख किया जाता है कि क्षति रहित कीमत का निर्धारण पाटनरोधी नियमों के अनुबंध–।।। के अनुसार सिद्धांतों और नियमों को ध्यान में रखते हुए किया गया है ।

ड. जहां तक आयातकों द्वारा प्रकटन विवरण के पश्चात् की गई इन टिप्पणियों का संबंध है कि कीमत कटौती का समर्थन पूर्ण तथ्यों के साथ नहीं किया गया है । मामले की पुनः जांच की गई है और यह उल्लेख किया जाता है कि कीमत कटौती की जांच समूची क्षति अवधि के लिए की गई है और जांच के बाद यह नोट किया जाता है कि यद्यपि, संबद्ध देशों (अमरीका और ताईवान) के संबंध में कीमत कटौती आधार वर्ष अर्थात् 2008–09 के दौरान कीमत कटौती सकारात्मक रही है । तथापि, वह उसके बाद और वर्ष 2009–10 से सकारात्मक बन गई और यह सकारात्मक तथा अत्यधिक है ।

च. जहां तक प्रकटन विवरण के पश्चात् की गई इन टिप्पणियों का संबंध है कि तीसरे देश से हुए आयातों के पहलुओं की तथ्यपरक जांच नहीं की गई है, मामले की पुनः जांच की गई है और यह उल्लेख किया जाता है कि तीसरे देशों से हुए आयात की कीमत मात्रा के संबंध में या तो नगण्य है या फिर उनकी कीमतें अधिक हैं और इनसे घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है । जहां तक इन टिप्पणियों का संबंध है कि सामान्य मूल्य को गोपनीय मानना न्यायोचित नहीं है, यह

उल्लेख किया जाता है कि परिकलित सामान्य मूल्य का निर्धारण इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि संबद्ध देशों के उत्पादकों और निर्यातकों की ओर से कोई सहयोग नहीं किया गया था, कच्ची सामग्री की अंतर्राष्ट्रीय कीमत तथा सर्वाधिक कुशल घरेलू उद्योग के खपत मानको को ध्यान में रखते हुए किया गया है । उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए अगोपनीय रूपांतरण के समग्र मूल्य का खुलासा नहीं किया गया है । तथापि, पाटन मार्जिन रेंज का प्रकटन पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है ।

छ. जहां तक क्षति से संबंधित अन्य टिप्पणियों का संबंध है, इन पर अंतिम जांच परिणामों के संगत पैराग्राफों/शीर्षकों में विचार किया गया है ।

च. 3.2 <u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव</u>

क) आयात की मात्रा और संबद्ध देश का हिस्सा

34. जहां तक पाटित आयातों की मात्रा का संबंध है, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में अथवा भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है । क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से उपलब्ध कराए गए सौदेवार आंकड़ों से लिए गए आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है । संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु की आयात मात्रा का विश्लेषण निम्नानुसार किया गया है :–

आयात– (मात्रा)	इकाई	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
अमरीका	मी.ट	134	591	765	702
ताइवान	मी.ट	20	90	132	163
संबद्ध देश से कुल आयात	मी.ट	154	681	897	865
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	441	581	561
देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	मी.ट	204	266	246	496
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	131	121	244
अन्य देश	मी.ट.	156	92	114	421
कुल आयात	मी.ट.	514	1,038	1,257	1,782
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	202	245	347
आयातों में बाजार हिस्सा					
अमरीका	%	26.13%	56.87%	60.86%	39.39%
ताइवान	%	3.89%	8.67%	10.50%	9.17%
संबद्ध देश		30.02	65.54%	71.36%	48.56%
देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	%	39.61%	25.60%	19.56%	27.83%
अन्य देश	%	30.36%	8.86%	9.07%	23.61%

35. यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में समग्र रूप में अत्यधिक वृद्धि प्रदर्शित हुई है । इसी अवधि की क्षति अवधि के दौरान जिन देशों पर पहले से पाटनरोधी शुल्क लागू है उन देशों से और अन्य देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों मे भी वृद्धि प्रदर्शित हुई है ।

ख) मांग एवं बाजार हिस्से का निर्धारण

36. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने मांग का निर्धारण घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री, अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री तथा सभी स्रोतों से भारत में हुए संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा के रूप में किया है । इस प्रकार से निर्धारित मांग को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है । उपर्युक्त तालिका से यह देखा जाएगा कि समूची क्षति अवधि के दौरान मांग में लगातार वृद्धि हुई है ।

विवरण		2008-09	2009-10	2010-11	POI
भारत में मांग					
घरेलू उद्योग बिक्री	मी.ट.	2,066	2,524	2,655	2,445
	सूचीबद्ध	100	122	128	118
संबद्ध आयात	मी.ट.	154	681	897	865
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है		204	266	246	496
अन्य देश	मी.ट.	156	92	114	421
मांग/खपत	मी.ट.	2,580	3,562	3,912	4,227
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	138	152	164
मांग में बाजार हिस्सा					
घरेलू उद्योग	%	80.09%	70.85%	67.88%	57.84%
संबद्ध देश	%	5.98%	19.11%	22.93%	20.47%
देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	%	7.89%	7.46%	6.28%	11.73%
अन्य देश	%	6.05%	2.58%	2.91%	9.95%

37. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि यद्यपि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात मात्रा में वृद्धि हुई है तथापि, याचिकाकर्ता मांग में हुई वृद्धि के अनुपात में बढ़ोतरी नहीं कर सके और वस्तुतः पूर्ववर्ती दो वर्षों की तुलना में जांच अवधि में उसमें गिरावट आई । क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों के बाजार हिस्से में अत्यधिक वृद्धि हुई है जबकि पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग के बाजार जिससे में लगातार गिरावट आई है ।

ड. 3. 3 <u>घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

क) कीमत कटौती

38. जहां तक कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, नियमावली के अनुबंध II(ii) में निम्नानुसार निर्धारित है :

"नियम 18 के उप नियम (2) में यथा उल्लिखित कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की जा रही है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में अत्यधिक मात्रा में कमी करना है या ऐसी कीमत को रोकना है जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती ।"

39. तक कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, इस बात की जांच की गई थी कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती । इस संबंध में संबद्ध उत्पाद के पहुंच मूल्य और सभी रिबेटों तथा करों को छोड़कर घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच तुलना व्यापार के समान स्तर पर की गई थी । घरेलू उद्योग की कीमत का निर्धारण कारखाना स्तर पर किया गया था ।

विवरण	**यूओएम**	**एपीएस**	**एसपीएस**	**पीपीएस**	**भारित औसत**
संबद्ध देश समग्र रूप से					
निवल बिक्री प्राप्ति	रू0/किग्रा0	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	154	144	122
पहुंच कीमत	रू0/किग्रा0	57.73	94.78	86.32	72.33
	सूचीबद्ध	100	164	150	125
कीमत कटौती	रू0/किग्रा0	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती	रेंज %	10-20	5-15	5-15	5-15

अमरीका					
निवल बिक्री प्राप्ति	रू0/किग्रा0	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	154	144	127
पहुंच कीमत	रू0/किग्रा0	60.42	94.78	86.32	76.82
	सूचीबद्ध	100	157	143	127
कीमत कटौती	रू0/किग्रा0	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती	रेंज %	5-15%	5-15	5-15	5-15
ताइवान					
निवल बिक्री प्राप्ति	रू0/किग्रा0	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	154	144	100
पहुंच कीमत	रू0/किग्रा0	53.03	आयात नहीं	आयात नहीं	53.03
	सूचीबद्ध	100			100
